# मोहल्ला निगरानी समिति के द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया




शाहजहांपुर (विधान केसरी)। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा द्वारा नगर के मो0 अलीजई में बनाई गई मोहल्ला निगरानी समिति के द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्या का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मोहल्ला निगरानी समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद- सत्तार, आ वर्कर- नगमा परवीन, सदस्य- नीरज मौर्य, क्षेत्रीय सफाई नायक- नन्हेलाल व क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा मोहल्ला निगरानी समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो की जानकारी चाही, जिसमें आ वर्कर नगमा परवीन द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक 25 प्रवासी मजदूरों का सर्वे किया गया, जिसमें 25 प्रवासी मजदूरों की पल्स ऑक्सीमीटर, एंटीजिन किट से जॉच की गई। इसके साथ ही मोहल्ला निगरानी समिति अवगत कराया गया कि 25 मजदूरों में से 06 मजदूर बाहर से आये हुये थे व मोहल्लें में अब तक 04 मरीज मिल चुके है, जिसमें 03 मरीज पहले के है व 01 मरीज आज मिला है। मोहल्ला निगरानी समिति के पास उपलब्ध दवा की 10 किटो में से 03 दवा की किट मरीजों को उपलब्ध करा दी गई है व 07 दवा किट उपलब्ध है। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा मोहल्ला निगरानी समिति के सदस्यों को निर्देत किया गया कि स्वंय की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र में बाहर से आने वाले प्रवासी व्यक्तियों पर रखें व समय से उनकी जॉच की जायें, जिससे क्षेत्र में अन्य लोगो को कोविड-19 के सक्रमण से बचाया जा सके।